जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

साप्ताहिक

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

संस्थापित 1965

ہمارا وطن ہفت روزہ

www.hamarawatan.com

FOLLOW US:- Hamarawatan Hamarawatan65 Hamarawatan3 Hamarawatan



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
स्व. श्री बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

वर्ष- 61 अंक-29 जयपुर, सोमवार, 4 अगस्त, 2025 वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) पृष्ठ संख्या 4

## बाबा अमरनाथ कावडिया संघ ने दोषी कार्मिकों पर कार्रवाई को लेकर जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**जयपुर (हमारा वतन)।** चौमूं शहर के सुभाष सर्किल स्थित बाबा अमरनाथ कावडिया संघ के पदाधिकारियों द्वारा जिला कलेक्टर और नगर निगम ग्रेटर के आयुक्त को ज्ञापन सौंपा । ज्ञापन में 27 और 28 जुलाई को आयोजित 11वीं विशाल कावड़ यात्रा के दौरान मोबाइल टॉयलेट उपलब्ध नहीं करवाने पर दोषी अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध कार्यवाही करने की मांग की। संघ के व्यवस्थापक एडवोकेट कुमार गौरव सैनी, अध्यक्ष केदार छिपा और महिला प्रमुख दीपा पारीक ने बताया कि बाबा अमरनाथ कावड़िया संघ चौमूं नगर द्वारा प्रतिवर्ष महार कला स्थित श्री मालेश्वर नाथ महादेव मंदिर से चौमूं तक कावड़ यात्रा निकाली जाती है। शाम 27 जुलाई को हजारों की संख्या में महिलाओं सहित कावड़िया मालेश्वर नाथ मंदिर पहुंचे। रात्रि को भजन संध्या हुई और 28 जुलाई को रात्रि 1 बजे से सुबह 4 बजे तक शौच और



स्नान से निवृत होकर 4:15 बजे आरती के बाद कावड़ यात्रा प्रारंभ हुई । ग्राम महार कला में टॉयलेट की पर्याप्त सुविधा नहीं होने के कारण मोबाइल टॉयलेट की मांग की गई थी,लेकिन नगर निगम प्रशासन के कार्मिकों द्वारा मुख्यमंत्री का कार्यक्रम होने की बात कहकर मोबाइल टॉयलेट उपलब्ध नहीं कराया, जबकि संघ द्वारा समस्त संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर सभी औपचारिकताएं पूर्ण कर ली गई थी। कलेक्टर ने भी आयुक्त नगर निगम ग्रेटर जयपुर को समुचित व्यवस्थाओं हेतु निर्देशित कर दिया गया था।


व्यवस्थापक कुमार गौरव सैनी ने आरोप लगाया कि निगम अधिकारी डीसी करणी सिंह से बात कर तीन टॉयलेट की मांग की, लेकिन इनके द्वारा पूरी बात सुने बिना ही अभद्रतापूर्वक फोन काट दिया गया और उसके बाद फोन रिसीव नहीं किया गया । मोबाइल टॉयलेट उपलब्ध नहीं होने से महिलाओं को कई समस्याओं का सामना करना पड़ा और ग्राम वासियों के घरों में दैनिक क्रियाकलाप करने पड़े ।

संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा स्वच्छ भारत मिशन अभियान चलाकर देश को खुले में शौच मुक्त बनाने की प्रेरणादायी कार्य किया था । परंतु इस प्रकार के संवेदनहीन अधिकारियों और कर्मों के कारण सरकारी योजनाएं न सिर्फ असफल होती हैं, अपितु आमजन को असुविधा का भी सामना करना पड़ता है।

उपस्थित सभी लोगों ने जिला कलेक्टर से अव्यवस्था के लिए दोषी अधिकारियों और कार्मिकों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने की मांग की। साथ ही श्री मालेश्वर नाथ मंदिर में पर्याप्त मात्रा में आवास सुविधाओं सहित 50 शौचालय और स्नान घर का निर्माण करवाने का सुझाव भी दिया।

## भविष्यवक्ता पं. रविंद्राचार्य का बांके बिहारी मंदिर में हुआ अभिनंदन

**वृंदावन (हमारा वतन)।** अंतर्राष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविंद्राचार्य का श्री बांके बिहारी जी मंदिर में सेवा अधिकारी अंकित गोस्वामी द्वारा भव्य सम्मान किया गया। इस अवसर पर



आचार्य को माला, दुपट्टा पहनाकर तथा ठाकुर श्री बांके बिहारी जी का पावन प्रसाद भेंट कर उनका अभिनंदन किया गया। रविंद्राचार्य ने ठाकुर जी के दर्शन कर आत्मिक शांति व प्रसन्नता प्राप्त की और सभी देशवासियों के लिए सुख-समृद्धि की मंगल कामना की। इस पावन अवसर पर पंडित राहुल दाधीच, संतोष मीना, अजय गोस्वामी, पंडित शिव, पंडित महेश गोस्वामी, सुरेश शास्त्री, पंडित मुकेश शर्मा, अनिल व्यास, अमित आचार्य सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## सर्व समाज जागृति संघ अध्यक्ष ने किया कथा वाचक पंडित चंद्र प्रकाश शास्त्री का अभिनंदन

**जयपुर (हमारा वतन)।** राजस्थान के सुप्रसिद्ध कथा वाचक पंडित चंद्र प्रकाश शास्त्री आज सर्व समाज जागृति संघ के हीरानगर कार्यालय पधारे । संस्थापक अध्यक्ष सुरेश चंद शर्मा ने माला,दुपट्टा पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर अभिनंदन किया।



इस अवसर पर पंडित चंद्र प्रकाश शास्त्री ने श्री राम कथा महोत्सव एवं श्री राम महायज्ञ श्री करणी वाटिका मोरीजा चौमूं में दिनांक 17 अगस्त से 26 अगस्त 2025 तक समय दोपहर 12:15 बजे से शाम 4:15 बजे तक कथा एवं कलश यात्रा में सम्मिलित होने का निमंत्रण दिया।

इस दौरान सनातन धर्म की रक्षा करने का विषय चर्चा का रहा । अध्यक्ष ने महाराज को अवगत कराया कि हमारी संस्था का मुख्य लक्ष्य 25 दिसंबर को तुलसी दिवस मनाया जाए है । इसके लिए हम प्रतिमाह अलग-अलग शहरों में सैकड़ो महिलाओं को तुलसी का गमला देकर गाजे बाजे के साथ शोभायात्रा निकालते हैं । गौरक्षा के लिए गौसेवकों को गौ के बैनर पर पूज्य गाय को राष्ट माता घोषित करवाने के लिए सघन अभियान चलाया जा रहा है । जिसमें हम प्रतिमाह प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेज रहे हैं।

शर्मा को यह जानकर बड़ा हर्ष हुआ कि शास्त्री बड़ी-बड़ी गौशाला से जुड़े हुए है। वह बड़े प्रसन्न हुए कि आपका हमारा लक्ष्य एक है। मेरा सभी धर्मावलंबियों से निवेदन है की अधिक से अधिक श्रद्धालु कथा में पधारे एवं श्रद्धा अनुसार तन मन धन से सहायता प्रदान करके आयोजन को सफल बनाएं।

## यूईएम जयपुर रेडियो मिर्ची बिज़नेस क्लास अवार्ड्स 2025 से हुई सम्मानित

**जयपुर (हमारा वतन)।** एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए, यूनिवर्सिटी ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट (UEM) जयपुर को राजस्थान में तकनीकी शिक्षा में अग्रणी उत्कृष्टता और सर्वश्रेष्ठ प्लेसमेंट वाला विश्वविद्यालय श्रेणी में प्रतिष्ठित रेडियो मिर्ची बिज़नेस क्लास अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया है।




यह प्रतिष्ठित सम्मान यूईएम जयपुर की शैक्षणिक नवाचार, उद्योग-सम्बंधित शिक्षा और छात्र-केंद्रित विकास के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का एक ज्वलंत प्रमाण है। यह पुरस्कार समारोह जयपुर के भव्य द पैलेस होटल में आयोजित एक भव्य समारोह में शिक्षा, व्यवसाय और शासन के क्षेत्र में उत्कृष्टता का जश्न मनाने के लिए विभिन्न क्षेत्रों के दूरदर्शी, अग्रणी और उपलब्धि प्राप्त करने वाले लोगों को एक साथ लाया गया।

इस भव्य समारोह में राजस्थान सरकार के ऊर्जा विभाग के राज्य मंत्री हीरालाल नागर और राजस्थान सरकार के शहरी विकास एवं स्वायत्त शासन विभाग के राज्य मंत्री झाबर सिंह खर्रा सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे, जिनकी उपस्थिति ने राज्य में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और युवा सशक्तिकरण के प्रति सरकार के समर्थन को और पुष्ट किया। समारोह में प्रशंसित बॉलीवुड अभिनेत्री दिव्या दत्ता की उपस्थिति ने भी चार चाँद लगा दिए, जिन्होंने इस जीवंत शाम में चार चाँद लगा दिए।

यूईएम जयपुर की ओर से यह पुरस्कार एक प्रतिष्ठित प्रतिनिधिमंडल द्वारा गर्व से ग्रहण किया गया, जिसमें प्रो. (डॉ.) प्रदीप कुमार शर्मा, रजिस्ट्रार एवं प्रोवोस्ट, प्रो. (डॉ.) मुकेश यादव, एसोसिएट डीन - अकादमिक एवं विदेश संबंध और डॉ. गौरव श्रीवास्तव, एसोसिएट प्रोफेसर, फिजियोथेरेपी विभाग शामिल थे। उनकी उपस्थिति और प्रतिनिधित्व ने शैक्षणिक और वैश्विक मंचों पर उत्कृष्टता के लिए संस्थान की निरंतर खोज को चिह्नित किया।

## समाजसेवी डॉ. माल्या कलाम लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड 2025 से हुए सम्मानित



**जयपुर (हमारा वतन)।** ख्वाब फ़ाउन्डेशन की ओर से समर्पण संस्था के संस्थापक अध्यक्ष समाजसेवी आर्किटेक्ट डॉ. दौलत राम माल्या को डॉ. कलाम लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड 2025 से नवाजा गया।

डॉ. माल्या को यह अवार्ड जयपुर के राजस्थान इन्टरनेशनल सेंटर स्थित सभागार में आयोजित कलाम यूथ लीडरशिप कॉन्फ़्रेंस में समर्पण संस्था द्वारा समाज सेवा के क्षेत्र में किये जा रहे उत्कृष्ट कार्यों के लिए असम की शिक्षाविद डॉ.अर्चना भटर्जी व ख़्वाब फ़ाउन्डेशन के संस्थापक मुन्ना कुमार ने दिया । उल्लेखनीय है कि डॉ. माल्या को इससे पूर्व भी उत्कृष्ट सामाजिक कार्यों के लिए अनेक संस्थाएँ सम्मानित कर चुकी हैं।

## हरियालो राजस्थान कार्यक्रम के तहत पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने किया वृक्षारोपण

**चौमूं (हमारा वतन)।** कृषि उपज मंडी समिति (अनाज) चौमूं में हरियालो राजस्थान कार्यक्रम की श्रृंखला में वृक्षारोपण के कार्यक्रम का मंडी प्रांगण में आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन मंडी सचिव वृतिका शर्मा के नेतृत्व में किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा चलाए जा रहे हरियालो राजस्थान के तहत चौमूं ही नहीं अपितु सम्पूर्ण राजस्थान में सघन वृक्षारोपण का कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस पुनीत कार्य में सभी



अपनी सहभागिता निभाएं। आये हुए अतिथियों का माला व साफा पहनाकर स्वागत व सम्मान किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि प्रदीप शर्मा थानाधिकारी चौमूं, रमेश शर्मा सरपंच धौबलाई , दिनेश गौरा पूर्व मंडी चेयरमैन, सुनील अग्रवाल अध्यक्ष व्यापार मंडल, राकेश खंडेलवाल, पूजा कुमारी यादव कनिष्ठ विपणन अधिकारी, धीरज बुनकर सहायक लेखाधिकारी अनाज मंडी चौमूं, नन्द किशोर कूलवाल, मदन लाल अग्रवाल, गोविन्द झालाणी सहित अनेक व्यापारी व मंडी समिति के कर्मचारी मौजूद रहे।

# डॉ. सोनी ने मतदान पार्टी के साथ मतदान बूथ पर किया पौधारोपण




**देहरादून (हमारा वतन)।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों के द्वितीय चरण के मतदान कराने के लिए पर्यावरणविद् वृक्षमित्र डॉ. त्रिलोक चंद्र सोनी की नियुक्ति पीठासीन अधिकारी के पद पर चंबा ब्लॉक के राजकीय प्राथमिक विद्यालय बालमा बूथ पर हुई है। उन्होंने अपने मतदान बूथ राप्रावि बालमा में अपने मतदान पार्टी 5091के साथ बॉटलब्रास,आंवला व अमलतास के पौधो का रोपण किया।

डॉ. सोनी ने कहा कि मैं 2006 से जनपद टिहरी गढ़वाल में कार्यरत हूं मेरी ड्यूटी लोकसभा, विधानसभा व त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों में लगती रहती है। ड्यूटी के दौरान में अपने साथ मतदान बूथ पर पौधा लगाने के लिए ले जाता हूं । इस समय भी मैं बॉटलब्रास, आंवला व अमलतास के पौधों को बूथ पर लगाने के लिए लाया हूं और अपने मतदान पार्टी के साथ हमने मतदाता बूथ राप्रावि बालमा में पौधों का रोपण किया।

पौधारोपण में प्रदीप लस्याल प्रथम मतदान अधिकारी, रेशमा रावत द्वितीय मतदान अधिकारी, संदीप कुमार चौहान तृतीय मतदान अधिकारी, भगवान दास चतुर्थ मतदान अधिकारी, मुन्नी देवी भोजनमता, आरती नेगी बीएलओ, रीता नेगी आंगन-बाड़ी कार्यकर्ता, दीपक सिंह गुसाई फायर सर्विस,राजेंद्र सिंह एचडी आदि उपस्थित रहे।

# भारतीय डाक विभाग ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर सामोद पोस्टमास्टर सम्मानित

**जयपुर (हमारा वतन)।** भारतीय डाक विभाग में मंडल प्रमुख भूपेंद्र पाराशर, अधीक्षक डाकघर,जयपुर तथा चंद्र ज्योति यादव, निरीक्षक डाक ,चौमूं उपखण्ड द्वारा गत वित्तीय वर्ष में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया गया ।



इस दौरान सामोद पोस्टमास्टर ओमप्रकाश मीणा को डाक जीवन बीमा में उत्कृष्ट कार्यो के लिए सम्मानित किया गया और सामोद डाकघर से उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित होने वाले प्रथम पोस्टमास्टर बनें है । इनके द्वारा गत वित्तीय वर्ष में पूरे चौमूं उपखंड में पोस्ट मास्टर श्रेणी में प्रथम स्थान अर्जित किया गया है । पोस्ट मास्टर ओमप्रकाश मीणा ने इस उपलब्धि पर सामोद की जनता को धन्यवाद दिया और भारतीय डाक विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं डाक जीवन बीमा / ग्रामीण डाक जीवन बीमा के बारे में जानकारी दी ।



# पूजा शर्मा को मिला कलाम यूथ इंटरनेशनल लीडरशिप अवार्ड

**जयपुर (हमारा वतन)।** प्रसिद्ध सेलिब्रिटी मॉडल, अभिनेत्री, समाजसेविका पूजा शर्मा को जयपुर में आयोजित एक समारोह में प्रतिष्ठित कलाम यूथ इंटरनेशनल लीडरशिप अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह उनके लिए एक अत्यंत गौरवपूर्ण क्षण है। पूजा शर्मा भारतीय मॉडलिंग जगत में एक जाना-माना नाम है, ने अपने करियर में कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। वह मिसेज राजस्थान मारवाड़ और मिसेज इंडिया इंटरनेशनल क्राउन 2024 का खिताब भी जीत चुकी हैं। इसके अतिरिक्त उन्हें वूमेन ऑफ द ईयर अवार्ड सहित कई अन्य पुरस्कारों से भी नवाजा गया है। वह कई प्रमुख आयोजनों की ब्रांड एंबेसडर भी रह चुकी हैं और विभिन्न कार्यक्रमों में फर्स्ट रनर-अप का स्थान प्राप्त कर चुकी हैं। एक समर्पित समाजसेविका के रूप में पूजा शर्मा समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करती हैं। वह अपने पिता को अपनी प्रेरणा मानती हैं और दूसरों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती हैं।

# प्रधानाध्यापक पद से सेवानिवृत्त हुए रामकिशोर मेला



**हरसोली (हमारा वतन)।** देवलीया स्थित मेला कृषि फार्म निवासी रामकिशोर मेला प्रधानाध्यापक ने हरसोली एवं राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय चारणवास, मूंडियागढ़ में 25 वर्ष अपनी सेवाएँ दी । इस गांव से बड़ी धूमधाम के साथ भव्य स्वागत पुष्प वर्षा करके स्वागत ग्रामीणों एवं रिश्तेदारों द्वारा जोर-शोर से स्वागत अभिनंदन समारोह आयोजित हुआ।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि में सीबीईओ जगदीश प्रसाद मीणा रहे। मीणा ने मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कहा कि रामकिशोर यादव द्वारा प्रधानाध्यापक पद पर रहकर लगभग 20 - 25 वर्ष निकालना बहुत ही मुश्किल है, लेकिन अपने कर्म की सेवा देने पर आम पब्लिक भी इसे जुड़ जाती है । इन्होंने ईमानदारी से अच्छी सेवा की है ।

प्रधानाध्यापक रामकंवार रेवाड तथा एसीबीईओ सुरजन सिंह यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि मजबूती,ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा पर रहकर देश की सेवा करने का काम किया है।

इस दौरान जयपुर जिला यादव समाज के मीडिया प्रभारी भगवान सहाय यादव , अध्यापक राजीव लोछब , पूर्व सरपंच जनप्रतिनिधि मोहन वर्मा , गोपाल मेहता , डॉक्टर सुरेंद्र यादव , लक्ष्मी नारायण , महेश कुमार खातोदिया , डॉ.दुर्गा प्रसाद यादव , पूर्व सरपंच मूल चन्द रैगर, मंडा - भिण्डा से रामकरण यादव व उनकी टीम सहित शिक्षक प्रकाश चन्द , कालूराम , रामप्रसाद सहित सैकड़ो महिलाएं ग्रामीण जन उपस्थित रहे ।



# साईं बाबा की सजाई मनमोहक झांकी

**चौमूं (हमारा वतन)।** चौमूं तहसील की ईटावा भोपजी ग्राम पंचायत स्थित श्री शिरडी साईं मंदिर में गुरुवार को साईं नाथ की मनमोहक झांकी सजाई गई। मंदिर महंत रिटायर्ड कैप्टन पृथ्वी सिंह नाथावत ने बताया कि सावन में बाबा का विशेष श्रृंगार किया जाता है, जो भी सच्चे मन से मंदिर में आता है उसकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

# जिलाध्यक्ष लल्लू राम सैनी के नेतृत्व में किया पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का स्वागत



**चौमूं (हमारा वतन)।** राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के चौमूं पहुंचने पर मोरीजा बाईपास पुलिया के पास जयपुर देहात कांग्रेस सेवा दल के जिला अध्यक्ष लल्लू राम सैनी के नेतृत्व में सेवादल कार्यकर्ताओं के द्वारा 51 किलो की माला, साफा पहनाकर जोरदार स्वागत सत्कार किया गया। इस मौके पर सेवा दल की कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष महिला विंग प्रतिभा नुवाल, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष कृष्ण कांत जोशी, मोरीजा प्रशासक मंगलचंद सैनी, पूर्व सरपंच कल्याण सहाय पापटवान, सैनी समाज के पूर्व अध्यक्ष संतोष सैनी, मदन लाल सतरावला, युवा नेता सूरज सैनी, युवा नेता रामकिशोर सैनी, विक्की नुवाल, महिला विंग सेवादल अध्यक्ष मीनू जांगिड़, रामचंद्र यादव ,गोविंद योगी, उमेश भाटी, तारा चन्द गुर्जर ,हिमांशु शर्मा, राहुल चाहर ,सुरेंद्र यादव ,सीता राम यादव, कमलेश राजोरिया, शंकर लाल पापटवान, सरदार दलजीत सिंह सहित सैकड़ों की संख्या मे कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।




## जॉब्स

1. इंटेलिजेंस ब्यूरो, पद सिक्योरिटी अस्सिटेंट, पद संख्या 4987, अंतिम तिथि 17 अगस्त 2025
2. भारतीय रेलवे, पद पैरामेडिकल स्टाफ, पद संख्या 434, अंतिम तिथि 8 सितंबर 2025
3. आरएसएमएसएसबी, पद प्लाटून कमांडर, पद संख्या 84, अंतिम तिथि 21 अगस्त 2025
4. राजस्थान हाई कोर्ट,पद पियोन, पद संख्या 5670, अंतिम तिथि 8 अगस्त 2025
5. आरएसएमएसएसबी, पद लैब अटेंडेंट, पद संख्या 54, अंतिम तिथि 9 अगस्त 2025
6. बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स (बीएसएफ), पद कांस्टेबल ट्रेड्समैन, पद संख्या 3586 अंतिम तिथि 24 अगस्त 2025
7. इंटेलिजेंस ब्यूरो, पद एसीआईओ ग्रेड II/ एग्जीक्यूटिव, पद संख्या 3717, अंतिम तिथि 10 अगस्त 2025
8. इंडियन बैंक, पद अप्रेंटिस, पद संख्या 1500, अंतिम तिथि 7 अगस्त 2025

# बारिश के मौसम में त्वचा की खुजली कर सकती है शर्मिंदा!



इस मौसम में अपनी साफ-सफाई पर ध्यान देना बहुत जरूरी है। इसके बावजूद अगर त्वचा पर खुजली हो रही है, तो मम्मी का पिटारे से कुछ नुस्खे आजमाने का समय है। गर्मियों के बाद हल्का ठंडा - ठंडा बरसात का मौसम हम सभी को बहुत पसंद आता है। मगर इस मौसम में होने वाली समस्याओं से हम सभी परेशान हो जाते हैं। सर्दी खांसी बुखार जुकाम, तो कभी स्किन एलर्जी। इन सब से हम कितना भी पीछा छुड़ाने की कोशिश कर लें, लेकिन फिर भी इनसे पार पाना बहुत मुश्किल हो जाता है। पर असल में ये इतना भी मुश्किल नहीं है। मेरी मम्मी के होम रेमेडीज वाले पिटारे में कुछ ऐसे उपाय भी हैं, जो आपको बरसात में होने वाली खुजली से निजात दिला सकते हैं।

**क्यों बढ़ जाती है बरसात के मौसम में खुजली**–मानसून के मौसम में त्वचा संबंधी कई समस्याएं होती हैं। त्वचा के पसीने या बारिश के पानी के संपर्क में आने पर खुजली और रैशेज होना आम समस्या है। दरअसल, मानसून में जब वातावरण में नमी अधिक होती है और लोगों को गर्मी के कारण पसीना आता है, तो इससे त्वचा पर बैक्टीरिया का विकास होता है जिसके परिणामस्वरूप खुजली होती है। ऐसे में अगर आप बाजार में मिलने वाले हीट पाउडर का इस्तेमाल करते हैं तो इससे तुरंत आराम मिलता है लेकिन समस्या फिर खड़ी हो जाती है। ये पाउडर त्वचा के रोमछिद्रों को बंद कर देते हैं जिससे पसीना आना बंद हो जाता है और समस्या और भी बढ़ जाती है। घरेलू नुस्खों की मदद से इस तरह की समस्याओं से बेहतर तरीके से निपटा जा सकता है।

**1 नीम की पत्तियां**–नीम में एंटीबैक्टीरियल गुण होते हैं, जो त्वचा संबंधी समस्याओं में काफी मददगार होते हैं। इसका उपयोग खुजली के उपचार में भी किया जा सकता है। आप नीम की पत्तियों को पीसकर प्रभावित जगह पर लगा सकती हैं या नीम के पानी से नहा सकती हैं।

**2 बेकिंग सोडा के साथ नींबू**–अगर आपको खुजली हो रही है तो आप नहाते समय दो चम्मच बेकिंग सोडा और एक चम्मच नींबू पानी से बना पेस्ट अपनी त्वचा पर लगा सकते हैं। इसे पांच से दस मिनट के लिए छोड़ दें और फिर धो लें। ऐसा रोजाना करें, इससे आपकी खुजली की समस्या दूर हो जाएगी।

**3 चंदन पाउडर**–चंदन त्वचा के लिए बहुत अच्छा होता है। बाजार में मिलने वाले चंदन के पाउडर को लेकर खुजली वाली जगह पर लगाएं। आप इसमें गुलाब जल मिलाकर इसका पेस्ट भी लगा सकती हैं।

**4 नारियल तेल**–नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ के अनुसार नारियल के तेल में सूजन-रोधी और एंटी-बैक्टीरियल गुण होते हैं जो त्वचा को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं। यह त्वचा को पोषण देता है और त्वचा के संक्रमण को ठीक करने में बहुत प्रभावी है। अगर आप खुजली की समस्या का सामना कर रही हैं तो आप प्रभावित क्षेत्रों पर नारियल के तेल से मैसेज कर सकती हैं।जानिए कुछ टिप्स जो इस मौसम में आपकी मदद कर सकती है। त्वचा को अच्छी तरह से मॉइस्चराइज करना ज़रूरी है।

## (कविता) नेता तेरे वादों से

नेता तेरे वादों से अब तो
मन ऊब गया है रे।
सरकारी लाभ की नौका तो
पनघट पे डूब गयी है रे।

बेबस लोगो को जब भी
मैं अक्सर देखा करता हूँ।
मन अन्तस में नित कर्मों का
लेखा -जोखा करता हूँ।

कुछ तो विकास के बैनर तलक
दंगे करवाते है।
और इसी कर्म को अपना
सर्वोत्तम प्रयास बताते हैं।

वक्त है ऐ मित्रो अब तुम
इस मलिन युग का अंत करो।
सही व्यक्ति चुनकर के
प्रदेश में नया वसन्त करो ।

चरण रज की प्यासी आत्मा
श्वेत वस्त्र धारण कर आएगी ।
शब्दों के चंद्र यान से तुम्हें
चंदा तक सैर कराएगी ।।

जिनके सम्मुख तुम खड़े न हो
सकते
वो आपके चरणों में होंगे।
ये महान कलुष लोभी मानव
एक नहीं कई वर्णों में होंगे ।।

हाँ एक बात का ध्यान रहे
बिन सोचे दया नहीं करनी ।
माया मुक्त गर होने का मन है
तो जाति पे मया नहीं करनी

खंभे ,मुर्गे के शौक़ीनो
शौक़ीन त्याग अब देना तुम ।
चाहे कोई कितना लालच दे
एक्को रुपया मत लेना तुम ।।

मताधिकार पर धिक्कार न हो
ऐसी सरकार को चुनना तुम ।
पांच साल अच्छे से चले
ऐसे लोकतंत्र को बुनना तुम।।



-सिद्धार्थ गोरखपुरी

# बॉलीवुड चटकारा





# जान्हवी कपूर

## कॉउचर वीक में एक्ट्रेस का शाही अंदाज़, गुलाबी लहंगे में लूटा सबका दिल



बॉलीवुड अभिनेत्री जान्हवी कपूर ने एफडीसीआई इंडिया कॉउचर वीक 2025 में जयंती रेड्डी के लिए शोस्टॉपर बनकर रैंप वॉक किया। उन्होंने मोतियों और सेक्विन से सजे शाही गुलाबी लहंगे में अपनी आकर्षक उपस्थिति दर्ज कराई, जिसकी तस्वीरें तुरंत वायरल हो गईं। बॉलीवुड अभिनेत्री जान्हवी कपूर ने एफडीसीआई इंडिया कॉउचर वीक 2025 के छठे दिन जयंती रेड्डी लेबल के शाही परिधान में रैंप वॉक करते हुए अपनी आकर्षक उपस्थिति दर्ज कराई। जान्हवी कपूर ने डिज़ाइनर जयंती रेड्डी के लिए शोस्टॉपर बनकर रैंप पर सहज ग्लैमर और शान का तड़का लगाया। अभिनेत्री ने अपने पारंपरिक शिल्प कौशल और आधुनिकता के अद्भुत संगम से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वॉक के बाद जान्हवी ने इंस्टाग्राम पर इवेंट की कई तस्वीरें शेयर कीं, जिनके कैप्शन में उन्होंने लिखा, "@jayantireddyla-bel के लिए वॉक करना बहुत अच्छा लगा। ये तस्वीरें तुरंत वायरल हो गईं और प्रशंसकों और फ़ैशन प्रेमियों का ध्यान अपनी ओर खींचा।



**जान्हवी कपूर का खूबसूरत ड्रेस में रैंपवॉक**–बॉलीवुड ब्यूटी जान्हवी कपूर, जिन्होंने हाल ही में जूनियर एनटीआर के साथ टॉलीवुड में अपनी पहली फिल्म देवरा से सबको चौंका दिया था, ने डिज़ाइनर जयंती रेड्डी के लिए रैंप वॉक करके सबका ध्यान अपनी ओर खींचा। उनके आत्मविश्वास और उपस्थिति ने रनवे को जगमगा दिया और भीड़ उनसे अपनी नज़रें नहीं हटा पा रही थी। यह एक ऐसा पल था जिसने साबित कर दिया कि वह शीर्ष फ़ैशन इवेंट्स में नियमित क्यों हो रही हैं।

## ये खुद एक मां है...बेटे के सांवले रंग पर लोगों ने किए भद्दे कमेंट्स, भड़की देवोलीना भट्टाचार्जी



कुछ वक्त पहले देवोलीना भट्टाचार्जी ने अपने वेकेशन की तस्वीरें इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की थी, जिसमें उनका बेटा जॉय भी नजर आया। इन तस्वीरों पर कमेंट कर कुछ यूजर्स ने देवोलीना के बेटे जॉय के रंग पर कमेंट करना शुरू कर दिया।टीवी की जानी मानी अभिनेत्री देवोलीना भट्टाचार्जी को साथ निभाना साथिया से खास पहचान मिली है। इस शो में देवोलीना की एक्टिंग को सभी ने खूब पसंद किया। देवोलीना अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर खूब सुर्खियों में रहती हैं। हाल ही में देवोलीना ने अपने बेटे जॉय का चेहरा रिवील किया है। एक तरफ जहां कई यूजर्स ने एक्ट्रेस के बेटे पर प्यार बरसाया तो वहीं, दूसरी तरफ उसके सांवले रंग को लेकर कुछ नेटिजन्स उसे ट्रोल कर रहे हैं। ऐसे में अब देवोलीना ने ट्रोलर्स को जमकर खरी-खोटी सुनाई है।**बच्चे के रंग पर किया गया भद्दा कमेंट**–दरअसल, कुछ वक्त पहले देवोलीना भट्टाचार्जी अपने पति शाहनवाज और बेटे जॉय के साथ गुवाहाटी घूमने गई थीं। ऐसे में एक्ट्रेस ने अपने वेकेशन की कुछ तस्वीरें इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की थी, जिसमें उनका बेटा जॉय भी नजर आया। इन तस्वीरों पर कमेंट कर कुछ यूजर्स ने देवोलीना के बेटे जॉय के रंग पर कमेंट करना शुरू कर दिया। ऐसे में भला देवोलीना चुप कहां बैठने वाली थीं। उन्होंने कुछ नस्लवादी कमेंट्स का स्क्रीनशॉट लेते हुए उसे न सिर्फ यूजर्स की प्रोफाइली के साथ शेयर किया है, बल्कि उन्हें करारा जवाब दिया है।देवोलीना ने एक यूजर के कमेंट का स्क्रीनशॉट अपनी इंस्टा स्टोरी पर शेयर किया है, जिसमें उसने लिखा था, कालू मदारी आया।

## कियारा आडवाणी ने बॉलीवुड में ऐसे बनाया अपना नाम, मनाया 34वां जन्मदिन



बॉलीवुड एक्ट्रेस कियारा आडवाणी अपना 34वां जन्मदिन मना रही हैं। एक्ट्रेस ने अपनी फिल्मों में अपने किरदार से दर्शकों के दिलों पर राज किया है। एक्ट्रेस का यह बर्थडे काफी ज्यादा स्पेशल हैं, क्योंकि वह कुछ दिन पहले मां बनी हैं। पर्सनल लाइफ के अलावा प्रोफेशनल लाइफ में भी कियारा आडवाणी तेजी से कामयाबी की सीढ़ियां चढ़ती नजर आई हैं। तो आइए जानते हैं एक्ट्रेस के बर्थडे के मौके पर कियारा आडवाणी के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में...मुंबई में 31 जुलाई 1991 में कियारा आडवाणी का जन्म हुआ था। इनका असली नाम आलिया आडवाणी था। लेकिन इंडस्ट्री में आने से पहले उन्होंने अपना नाम कियारा आडवाणी रख लिया था। क्योंकि इंडस्ट्री में पहले से आलिया भट्ट नाम की अभिनेत्री मौजूद थीं। कियारा के पिता जगदीप आडवाणी एक व्यवासायी हैं। कियारा ने मॉस कम्युनिकेशन में बैचलर किया है। **फिल्मी करियर**–कियारा आडवाणी ने अपने फिल्मी करियर की शुरूआत साल 2014 में फगली फिल्म से किया था। इसके बाद एक्ट्रेस एमएस धोनी द अनटोल्ड स्टोरी फिल्म मिली। इस फिल्म से कियारा आडवाणी की किस्मत बदल गई। बॉलीवुड फिल्मों के अलावा कियारा ने साउथ की फिल्मों में भी काम किया है। एक्ट्रेस ने साल 2018 में साउथ अभिनेता महेश बाबू की तेलुगू फिल्म भारत अने नेनु में काम किया था। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन किया था। इसके अलावा एक्ट्रेस ने साल 2019 में राम चरण अभिनीत विनय विधेया रामा फिल्म में नजर आई थीं। फिर साल 2019 में कियारा ने कबीर सिंह, गुड न्यूज में दिखाई दी थीं। इन दोनों ही फिल्मों से कियारा की लोकप्रियता बढ़ी थी। इसके बाद साल 2021 में एक्ट्रेस ने शेरशाह फिल्म में काम किया था। इस फिल्म में एक्ट्रेस के अपोजिट अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा नजर आए थे। वहीं साल 2022 में कियारा ने फिल्म भूल भुलैया 2 में काम किया और फिर जुग जुग जियो में नजर आई थीं। **लव लाइफ**–एक्ट्रेस कियारा आडवाणी की फिल्म शेरशाह की शूटिंग के दौरान अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा से दोस्ती हो गई।

टिकिट

**हमारा वतन**
खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।
Email- hamarawatan65@gmail.com 9214996258 7014468512

**अति आवश्यक सूचना**

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

– सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

## सम्पादकीय.....

# हिंसक भाषा बोध के बीच भाषायी सहिष्णुता की अपील

महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन तमिलनाडु से आते हैं। राज्य की कोयंबटूर राज्यपाल एक तरह से राज्य का प्रथम नागरिक होता है। इस नाते राज्य में कोई समस्या हो तो उसे रोकने के लिए हस्तक्षेप करना उसकी जिम्मेदारी बनती है। आमची मराठी बोध को लेकर जारी सियासी खींचतान के बीच आए राज्यपाल के बयान को लेकर विवाद नहीं होता तो ही आश्चर्य होता। मराठी स्वाभिमान के बहाने हिंदीभाषियों से हिंसा का समर्थक रही महाराष्ट्र नव निर्माण सेना यानी मनसे हो या फिर शिवसेना-उद्धव ठाकरे, दोनों के नेता राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के विरोध में उतर आए हैं। शिवसेना-उद्धव के प्रवक्ता आनंद दुबे ने कहा है कि मराठी महाराष्ट्र में नहीं बोली जाएगी तो क्या भूटान में बोली जाएगी। मनसे नेता संदीप देशपांडे ने कहा है कि राज्यपाल को मराठी स्वाभिमान और मराठी भाषा के अपमान में अंतर समझना चाहिए। सीपी राधाकृष्णन भले ही तमिलभाषी हों, लेकिन मराठी गौरवबोध के बहाने जारी भाषा विवाद में हस्तक्षेप करके उन्होंने एक तरह से अपने दायित्वबोध को ही जाहिर किया है। तमिलनाडु के कोयंबटूर से दो बार लोकसभा सदस्य रहे राधाकृष्णन आपसी बातचीत में मानते रहे हैं कि राजनीति में अखिल भारतीय व्याप्ति के लिए हिंदी का सहयोग जरूरी है। इन पंक्तियों के लेखक से कई बार उन्होंने हिंदी सिखाने की अपील की है। यह बात और है कि हिंदी के कुछ शब्दों के अलावा कुछ ज्यादा नहीं सीख पाए। तमिलनाडु के राजनीतिक हलकों में उन्हें तमिल मोदी कहा जाता रहा है। तमिलनाडु की राजनीति हिंदी के कटु विरोध के लिए जानी जाती रही है। 1968 में तमिलनाडु में हिंदी को राजभाषा बनाने के खिलाफ हिंसक आंदोलन हो चुका है। राधाकृष्णन ने उस आंदोलन की हिंसक तपिश को महसूस किया है। इसके बावजूद हिंदी सीखना उनकी चाहत रही है। हिंदी विरोध की आंच में पली-बढ़ी तमिलनाडु की एक पूरी पीढ़ी आपसी बातचीत में मानती है कि उसने क्या खोया है। वह पीढ़ी अब प्रौढ़ावस्था के उतरार्ध की ओर बढ़ रही है। वह मानती है कि अगर हिंदी विरोध की आंच से झुलसने का उसे अंदाजा होता तो हिंदी के विरोध में वह अपनी जिंदगी और अपने सपनों को होम नहीं करती। राज्यपाल ने वैसे कुछ ऐसा नहीं बोला है, जिसे तूल दिया जा सके। उन्होंने कहा है कि किसी को पीटने के बाद क्या वह तत्काल मराठी बोलने लगेगा। निश्चित तौर पर इसका जवाब ना में है। सीपी राधाकृष्णन 1998 और 1999 में लगातार दो बार कोयंबटूर से चुने गए थे। उन दिनों वे तमिलनाडु बीजेपी के अध्यक्ष भी रहे। उसी दौर की एक घटना का जिक्र उन्होंने अपने बयान में किया है। इस बयान में उन्होंने कहा है कि एक बार वे तमिलनाडु में कहीं जा रहे थे तो तमिल न बोलने के चलते कुछ हिंदी भाषी लोगों के साथ स्थानीय भाषा आंदोलनकारी मारपीट कर रहे थे। जिसके लिए उन्होंने हिंदीभाषियों से माफी मांगी और तमिल बोलने की जिद्द करने वाले लोगों से कहा था कि क्या उनके हाथों पिट जाने के बाद कोई तत्काल तमिल बोल पाएगा। भारत की हर भाषा का सम्मान हो, हर भाषा को बोलने वालों का सम्मान हो, इस सोच को बढ़ावा देने की जरूरत है। भारत की हर भाषा एक-दूसरे से जुड़ी है। भारत की भाषाएं आपस में बहनें हैं। इनके बहनापा को बढ़ावा देने की जरूरत है। कोई भाषा श्रेष्ठ है या कोई भाषा कमजोर है, इसकी तुलना भी बेमानी है। बहुभाषी भारत में एक कहावत पूरी शिद्दत से कही जाती है कि कोस-कोस पर पानी बदले, तीन कोस पर बानी। इसका आशय साफ है कि कुछ ही दूरी पर भाषा का स्वरूप बदल जाता है। लेकिन क्या व्यक्ति इसका व्यवहार करना छोड़ देता है।


राम गोपाल सैनी

# प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय ने केंद्रीय कारागृह में मनाया रक्षाबंधन

**कोटा (हमारा वतन)।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय कमला उद्यान कोटा की संचालिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी उर्मिला दीदी ने केंद्रीय कारागृह कोटा के कैदी भाइयों को पवित्र रक्षा सूत्र बांधकर रक्षाबंधन मनाया।

वल्लभनगर सेवा केंद्र की संचालिका बीके ज्योति दीदी ने सभी को संस्था का परिचय देते हुए राजयोग मेडिटेशन कोर्स के बारे में संक्षिप्त परिचय दिया ।

उर्मिला दीदी ने सभी कैदियों को नशा छोड़ने ओर सभी तरह की बुराइयों को छोड़ने का संकल्प करवाया और बताया कि एक छोटी सी बुराई क्रोध ईर्ष्या के कारण पूरा परिवार ओर स्वयं कितने परेशान होते है और इसलिए अपने परिवार की खुशी के लिए ओर समाज में सम्मानपूर्वक जीवन जीने के लिए कुछ समझौता करना या सहना पड़े तो सह लेना चाहिए और माफ कर देना चाहिए । अंत में सभी कैदी भाइयों को राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी कविता दीदी ने ईश्वरीय प्रसाद देकर उनकी मंगलकामना के लिए योग किया और सभी को राजयोग मेडिटेशन करने के लिए प्रेरित किया ।



### नवनिर्मित भवनों का लोकार्पण

# न्यायाधीशगण ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया

जयपुर(नि.सं.)। देवभूमि दौसा की धरती एक ऐतिहासिक क्षण की साक्षी बनी, जब न्याय के मंदिर की नई कड़ी के रूप में नवनिर्मित न्यायालय भवनों का लोकार्पण समारोह अत्यंत गरिमामयी एवं प्रेरणादायक वातावरण में सम्पन्न हुआ। राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति श्रीराम कलपाति राजेन्द्रन के कर-कमलों से दौसा न्यायालय भवन में नवनिर्मित छह न्यायालय भवनों का लोकार्पण किया गया। मुख्य न्यायाधिपति श्रीराम कलपति राजेन्द्रन ने राजस्थान उच्च न्यायालय में कार्यभार ग्रहण के बाद पहली बार दौसा में आगमन किया। उन्होंने कहा कि दौसा की धरती, पंच महादेव और चाँद बावड़ी जैसे धरोहरों से समृद्ध है और वे यहां आकर अभिभूत हैं। उन्होंने नवीन न्यायालय भवन के बारे में बताया कि यह भवन न्याय वितरण को दक्षता, गरिमा और संवेदनशीलता से जोड़ने की दिशा में महत्त्वपूर्ण कदम है।राजस्थान उच्च न्यायालय के प्रशासनिक न्यायाधिपति संजीव प्रकाश शर्मा ने दौसा को देवनगरी कहकर नमन किया और इसे न्यायिक संस्कृति की समृद्ध भूमि बताया। उन्होंने नवीन न्यायालय भवन को न केवल संरचनात्मक आवश्यकता की पूर्ति बल्कि न्याय को गरिमा और संवेदनशीलता के साथ जनता तक पहुँचाने का सशक्त माध्यम बताया। न्यायाधीश संजीव प्रकाश शर्मा ने कहा कि यह भवन न्यायालय की आत्मा को स्थान देने वाला माध्यम है, जहाँ प्रत्येक वादी को न केवल न्याय मिलेगा बल्कि न्याय का अनुभव भी होगा। उन्होंने दौसा न्यायक्षेत्र की कार्य संस्कृति, न्यायिक अधिकारियों की प्रतिबद्धता एवं बार के सहयोग की विशेष प्रशंसा की। दौसा के संरक्षक न्यायाधीश समीर जैन ने कहा कि यह भवन केवल ईंट-पत्थर की संरचना नहीं बल्कि न्याय के प्रति विश्वास की नींव और संवैधानिक आदर्शों का कंगूरा है। उन्होंने बताया कि यह भवन समर्पण, समन्वय और समयबद्ध निष्पादन का एक उत्कृष्ट उदाहरण है।






# चंद्रकला नागोरी बनी भारतीय युवा कांग्रेस की राष्ट्रीय संयुक्त सचिव



**चौमूं (हमारा वतन)।** चौमूं निवासी चंद्रकला नागोरी को ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के महासचिव केसी वेणुगोपाल ने भारतीय युवा कांग्रेस की राष्ट्रीय संयुक्त सचिव नियुक्त किया है। इस नियुक्ति से युवाओं में खुशी की लहर दौड़ पड़ी है । जानकारी के लिए आपको बता दें कि चंद्रकला नागोरी सेठ श्री आरएल सहरिया पीजी महाविद्यालय की पहली महिला अध्यक्ष रह चुकी हैं ।

## लंग कैंसर के 50% मरीज ऐसे जो स्मोकिंग नहीं करते

### धुम्रपान के साथ पर्यावरण पॉल्यूशन दूसरा सबसे बड़ा कारण बना

जयपुर(नि.सं.)। भारत में फेफड़ों का कैंसर तेजी से फैलता जा रहा है। इसका पहला सबसे बड़ा कारण रेगुलर स्मोकिंग है। लेकिन अब इंडस्ट्रियों से निकलता पॉल्यूशन और पैसिव स्मोकिंग दूसरा बड़ा कारण बनता जा रहा है। हेल्थ डिपार्टमेंट की एक रिपोर्ट देखें तो भारत में हर साल इसकी संख्या में इजाफा होता जा रहा है। भारत में मिलने वाले सभी प्रकार के कैंसर केसों में करीब 6 फीसदी मरीज इसी कैंसर के मिलते है। बड़ी बात ये है कि इस कैंसर के 50 फीसदी मरीज ऐसे है, जो स्मोकिंग नहीं करते। 1 अगस्त को वर्ल्ड लंग्स कैंसर डे से पहले सीनियर पल्मोनोलॉजी डॉक्टर शिवानी स्वामी ने इस बारे में जानकारी दी।

RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
उप सम्पादकः सुरेन्द्र कुमार सैनी
E mail-hamarawatan65@gmail.com
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र चौमूं शहर होगा।